हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

11 नदी पार कर पोड़पारा पहुंची पंचायत अध्यक्ष, सुनी ग्रामीणों...



12 शहीद सुखसिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि





खबर संक्षेप



## मोटर पंप की चोरी करने वाले दो आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलो मीटर दूर विशेष पिछड़ी कमार जन जाति ग्राम कुल्हाड़ीघाट के ग्रामीणों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए खेत, नदी किनारे शासन के योजना के तहत बोर खनन कर मोटर पम्प लगाकर सौर उर्जा प्लेट के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लेकिन पिछले कुछ दिनो से यहां सौर प्लेट की चोरी हो रही थी जिससे ग्रामीण परेशान हो गए थे और ग्रामीणों ने रात में जागकर पहरेदारी कर रहे थे कि तीन रात को मोटर सायकल का आवाज आया ग्रामीणो ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को मोटर पम्प चोरी कर ले जाते पकड़ा और उसे पुलिस के सुर्पुद किया। कुल्हाडीघाट के पूर्व सरपंच बनसिंग सोरी ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा मोटर पंप चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़कर पुलिस की सुर्पुद किया है।

## आमदी 'द' में जनसमस्या निवारण शिविर 23 को

**गरियाबंद।** जिले के गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम आमदी 'द' में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 23 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से किया जायेगा। यह शिविर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर आमदी 'द' में आयोजित किया जायेगा। शिविर में ग्राम आमदी 'द' सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं।

## फूलचंद कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन 22 अक्टूबर को किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी ने आम नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, विभिन्न संगठनों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्य में सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाएं। रेडक्रास ब्लड बैंक रायपुर छत्तीसगढ़ के विशेष निगरानी में यह विशेष शिविर का आयोजन किया रहा है।

## दो मामलों में 7000 की शराब जब्त

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने शराब बिक्री के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से 7200 रुपए की शराब जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर घटनास्थल पचरी-पंडरीपानी कच्ची रास्ता राजेश गिलहरे के घर के पास आरोपी जनक बाई पति सेऊक राम कुर्रे (50 वर्ष) निवासी ग्राम पचरी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत करीबन 1200 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई वहं दूसरे मामले में पुलिस ने छिलपावन से बागबाहरा रोड पंडरीपानी मोड़ ग्राम पचरी में आरोपी परषोत्तम कुर्रे पिता स्व. फूलदास कुर्रे (55 वर्ष) ग्राम पचरी के कब्जे से देशी महुआ शराब कुल 20 लीटर कीमत करीबन 6000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

### कार्य अपूर्ण होने के विवाद की स्थिति पर संबंधित ठेकेदार पर होगा एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विकासखंड वार सभी गांव में प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कार्य पूर्णता के समय सीमा की भी जानकारी ली। उन्होंने हर घर तक नल जल कनेक्शन, टंकी निर्माण, पाइपलाइन निर्माण, सोलर पंप स्थापना आदि कार्यों की गांववार जानकारी लेकर सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना है। इसके द्वारा सभी घरों में नल जल कनेक्शन दिया जा रहा है। जिससे लोगों को पीने के पानी की सुविधा घर में ही मिल रही है। कलेक्टर ने सभी विकासखण्डों में प्रगतिरत कार्यों की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में अनावश्यक विलंब करने एवं लापरवाही बरतने पर संबंधित ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिये। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्य अपूर्णता के कारण गांव में कानून व्यवस्था से संबंधित विवाद की स्थिति निर्मित होने पर संबंधित ठेकेदार पर एफआईआर कराने के भी निर्देश पीएचई के अधिकारियों को दिए। इस दौरान बैठक में कार्यपालन अभियंता पीएचई श्री विप्लव घृतलहरे सहित सभी अनुविभागीय अभियंता एवं विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूर्ण करें

कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में गांवों में नलजल कनेक्शन प्रदान करने से संबंधित कार्य पूर्णता की भी जानकारी ली। ईई पीएचई ने बताया कि जिले में 108 गांव हर घर जल से प्रमाणीकृत हो चुका है। बाकी कार्यो को भी तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। कलेक्टर ने मिशन के तहत कार्यों में गुणवत्ता का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगतिरत कार्यो को तेजी से पूर्ण करते हुए गांव को हर घर जल से प्रमाणित करने जल सभा का भी आयोजन करने के निर्देश दिए। जल सभा में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही गांव में नलजल कनेक्शन पहुंचने एवं कार्य पूर्णता होने पर उत्सव के रूप में जल त्यौहार बनाने के निर्देश दिये।



### जल संरक्षण के प्रति लोगों में लाएं जागरूकता

उन्होंने इसके लिए गांव में आगामी दिनों में मनाये जाने वाले जल सभा के संबंध में समय-सारणी युक्त कैलेण्डर भी बनाने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को गांव में होने वाले जल त्यौहार की तिथि की सूचना मिल सके। इसके माध्यम से ग्रामीणों को नलजल कनेक्शन एवं घर पहुंच पानी की सुविधा के बारे में महत्व बताना एवं जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कलेक्टर ने कार्य पूर्णता वाले गांवों में जल त्यौहार की तैयारियां भी अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### दहशत : 30 से 35 की संख्या में झुंड बनाकर घूम रहे नगर में

# नगर में आवारा कुत्तों का आतंक दो छात्र समेत 3 लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नगर सहित क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार और सोमवार दो दिनों के भीतर मैनपुर क्षेत्र में फिर तीन लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है। जिनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। पिछले कई दिनों से नगर व आसपास ग्रामों में कुत्ते झुंड के झुंड दिखाई दे रहे हैं जिससे लोगों में अपने छोटे-छोटे बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भारी गंभीर नजर आ रहे हैं लेकिन कुत्तों से निजात दिलाने कोई ठोस योजना दिखाई नहीं दे रही है। आवारा कुत्तों ने स्कूल से पढ़ाई कर सोमवार को घर लौट रहे नवमुड़ा के दो बच्चे को काटा जिनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। बस स्टैण्ड में यात्री बस से उतरते ही एक ग्रामीण जो धरमगढ़ निवासी भुजबल मांझी को आवारा कुत्तों ने बुरी तरीके से काटा जिन्हे इलाज के लिए उनके परिजन ओड़िसा लेकर गए है। आवारा कुत्तों द्वारा ग्रामीण इलाको के गांवों में भी जमकर आतंक मचाया जा रहा है पिछले कई दिनों से मैनपुर अस्पताल में लगातार आवारा कुत्तों से काटने से इलाज कराने लोग पहुंच रहे है। आवारा कुत्तों द्वारा लोगो को डराना और कभी मवेशियों को काटना आए दिनों की की घटना बनती जा रही है।

■ मैनपुर अस्पताल में इलाज कराने पहुंच रहे लोग






### मुसाफिर हो चुके हैं शिकार

नगर के बस स्टैण्ड से लेकर हाट बाजारो, चौक चौराहो, गली मोहल्लों तक इन खतरनाक कुत्तों का आंतक व्याप्त है आसपास के अंचलो में जैसे हरदीभाठा, नहानबिरी, भाठीगढ़, जाड़ापदर, नदीपारा, मैनपुर कला, गौरघाट, गोपालपुर, कोदोभाठ, देहारगुड़ा, दबनई सहित कई गांवो में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग सहमे हुए हैं। अंचलों में आवारा कुत्तों का आंतक इतना है कि ये आवारा कुत्ते चौक- चौराहे व रास्तों पर झुंड बनाकर बैठे रहते हैं जिससे मवेशियों को काटने की शिकायत आये दिन मिलती रहती है। छोटे -छोटे जानवरों से लेकर कमजोर मवेशियों को सुनसान स्थानों में झपट पड़ते हैं। 30 से 35 की संख्या में 3-4 अलग- अलग कुत्तों का झुंड घुम रहे हैं। नगर में अचानक यदि कोई मुशाफिर रात को पहुंच जाए तो ये अकेले मुशाफिर को रात भर इधर उधर दौडाने में कोई कसर नहीं छोंडगें। कई बार अचानक पहुंचने वाले मुशाफिर मेहमान अवारा कुत्तों के आंतक के शिकार हो चुके है, क्षेत्र के लोगों ने इन अवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग कई बार किया है लेकिन न तो इस ओर संबंधित विभाग और न ही पशु चिकित्सालय द्वारा ध्यान दिया जा रहा है।

### सूनेपन का फायदा उठाकर दौड़ाते हैं लोगों को

रात भर कुत्तों के भौंकने से लोग हलाकान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा छोटे- छोटे बच्चों को लेकर होती है। रात्रि कालिन अवागमन करने वाले लोग डण्डे या पत्थर ईट लेकर रास्ता पार करते है तो वहीं ये आवारा कुते सुने पन का फायदा लेकर लोगों को दौड़ाने में कसर नहीं छोड़ते है। मिली जानकारी के अनुसार अचानक मैनपुर नगर व क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने के पीछे नगर व क्षेत्र के लोगों ने जो जानकारी दिया है। वह काफी चौकाने वाला है पिछले कुछ माह के भीतर बड़े शहरों से आवारा कुत्तों को वाहनों में भरकर मैनपुर नगर व आसपास ग्राम के नजदीक छोड़ दिया जा रहा है। पिछले दिनों आवारा कुत्तों को छोड़ते एक पिकअप चालक को क्षेत्र के लोगों ने पकड़ा भी था लेकिन जंगल क्षेत्र होने के कारण मौके का फायदा उठाकर वह भाग गया।

# शिक्षक संघ लंबित मांगों को लेकर 24 को देंगे धरना, निकालेगा रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ के शिक्षक सरकार की पुरानी सेवा गणना और अन्य लंबित मांगों को लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 24 अक्टूबर को जिलेभर के शिक्षक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और जिला मुख्यालय गरियाबंद में धरना, प्रदर्शन और रैली करेंगे। शिक्षक मोर्चा के जिला संयोजक परमेश्वर निर्मलकर, कुमेन्द्र कश्यप, प्रदीप पाण्डेय और अन्य शिक्षकों ने बताया कि सरकार ने कई बार आश्वासन दिए, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे शिक्षकों में गहरा असंतोष है, और वे अब आंदोलन के लिए मजबूर हो गए हैं। हजारों शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश के लिए आवेदन किया है, जिसके चलते इस दिन स्कूलों में ताले लटकेंगे।

**छात्रों की पढ़ाई होगी प्रभावित-** शिक्षकों का कहना है कि उनकी मांगें केवल उनके हित में नहीं हैं, बल्कि इससे शिक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। पुरानी सेवा गणना और वेतन विसंगति जैसे मुद्दे सीधे शिक्षकों की नौकरी की स्थिरता और आर्थिक सुरक्षा से जुड़े हैं। यदि इन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो इसका असर न केवल शिक्षकों के मनोबल पर पड़ेगा, बल्कि छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी।

### आंदोलन और तेज करने की चेतावनी

शिक्षकों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सरकार की नाकामी है। यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। 24 अक्टूबर को जिलेभर के शिक्षक मुख्यालय में रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

# कछुआ चाल से हो रहा घुनघुटी नाला पर पुल का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

मड़ेली-जरगांव मार्ग पर घुनघुटी नाला पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। पुल निर्माण कार्य 2021 से प्रारंभ है और 2022 में कार्य पूर्ण किया जाना था लेकिन अभी भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाई है। जिसके कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में किसान धान कटाई करेंगे और धान की ढुलाई करेंगे लेकिन नदी पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है और न ही बाइपास रपटा का निर्माण किया है। चार पहिया वाहन दो पहिया वाहन आये दिन फंस रहे हैं। वैसे भी पाण्डुका से सीधा छुरा जाने का यही सुगम मार्ग है। लोग केड़ीआमा से घूमकर आवाजाही कर रहे हैं।घाटी पर सड़क निर्माण कार्य की बहुत ही धीमी गति के कारण आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है।



## जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में बनाए गए 30 चेकपोस्ट

**गरियाबंद।** प्रदेश में आगामी खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत किसानों से 14 नवंबर, 2024 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होगी, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश में समर्थन मूल्य 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान खरीदी की जायेगी। धान खरीदी अवधि में अन्य राज्यों से धान के आवक की आशंका बनी रहती है। इसके रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों जो कि ओड़िसा राज्य से लगे हुए है। इसके लिए जिले में 30 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जिसमें से विकासखंड देवभोग के अंतर्गत 15 चेकपोस्ट, मैनपुर विकासखंड में 11 चेकपोस्ट एवं छुरा विकासखण्ड में 4 चेकपोस्ट बनाये गये है। इन चेकपोस्ट में सातों दिन, चौबीसों घंटे निगरानी के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। चेकपोस्ट के माध्यम से धान के अवैध आवक पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा अवैध धान परिवहन करते पाये जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिला खाद्य अधिकारी श्री सुधीर गुरू ने बताया कि जिले में कुल 90 धान उपार्जन केन्द्र हैं, जिनमें समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए कृषकों के पंजीयन का कैरीफॉरवर्ड का कार्य किया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा गरियाबंद जिले में 5 लाख 36 हजार 768 मेट्रिक टन धान उपार्जन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# झमाझम बारिश, मिली गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अंचल में भारी उमस एवं गर्मी के चलते रविवार दोपहर में झमाझम बारिश हुई है। जिसके चलते लोगों को भारी उमस से राहत मिली है। वहीं पर धान के फसलों के लिए यह बारिश नुकसान देह रहा। जिनके फसल कटकर खेतों के मेढ़ में रह गये थे। वार्ड क्रमांक 13 में शासकीय आवासीय कॉलोनी मैदान में पानी जाम हुआ।

पिछले दिनों हुए बारिश के चलते सूरज की तपीश बढ़ने से दिन मे उमस एवं गर्मी मे इजाफा हुआ था जिसके चलते घरों में एसी से लेकर कूलर एवं पंखे रात दिन चलने लगे थे। 20 अक्टूबर को लगभग 12 बजे आसमान में छाए काली -काली घटाओं ने बादलों की गडगड़ाहट के साथ हवाओं के संग झमाझम बारिश हुआ। गर्जना से लोग जहां सुरक्षित जगह मिला वहीं पर रूक गए। लगभग आधे घंटे जमकर हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं पर हरूना धान की फसलों को आंशिक नुकसान होने का अंदेशा है। अंचल में जिस प्रकार से गर्मी पर रही है। वहीं पर ठंड भी गायब हो गया है। वहीं इस बारिश के बाद ठंड धीरे-धीरे दस्तक देगी।



### कलेक्टर ने दो श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# रामलला दर्शन के लिए 94 श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी आज रवाना हुए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर, आदित्य लाम्बे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार ने श्री रामलला दर्शन के सपने को साकार किया है। सरकार की मदद से अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अयोध्या में श्री रामलला स्थापना पश्चात वहा जाने की बहुत इच्छा थी। शासन ने वहां जाने में मदद की। इसी तरह अन्य श्रद्धालु ने बताया कि वह अयोध्या जाने के लिए बेहद खुश है। शासन के सहयोग से श्री रामलला दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। जो कि पूरे प्रदेश वासियों के लिए बड़ी खुशी की बात है।




**निशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था-** निशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। इससे श्रद्धालुओं पर कोई आर्थिक बोझ भी नहीं बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेंगे।

## पत्नी से पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा आए दिन मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को ग्राम छिबर्रा की लिलिमा प्रधान पति हरेश प्रधान (29 साल) ने बताया कि वह अपने पति, सास, ससुर, बच्चों के साथ रहती है। उसकी शादी सामाजिक रीति रिवाज के साथ हरेश प्रधान निवासी छिबर्रा के साथ 08 साल पूर्व हुआ है। महिला ने बताया कि उसके पति द्वारा आए दिन पारिवारिक व दाम्पत्य की छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा विवाद कर हाथ मुक्का से मारपीट किया जाता है। यह परिवार का मामला है सोच कर उसने अब तक घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। 19 अक्टूबर की रात 11 बजे पति द्वारा चरित्र पर शक कर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रविवार को जोन 10 के 4 वार्डों में 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने रानी दुर्गावती वार्ड स्थित राममंदिर के नाला निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। साथ ही कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड में नए विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में किया।

रायपुर ग्रामीण विधायक श्री साहू ने 4 वार्डों में 6 करोड़ 42 लाख 23 हजार की लागत से विविध कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर, रवि ध्रुव, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। विधायक श्री साहू ने करवा चौथ के पर्व पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### जोन अध्यक्ष होरा ने किया भूमिपूजन



**रायपुर।** जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने अपने जन्मदिन के अवसर रविवार को वार्डवासियों को करीब 2 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने शहीद हेमू कालाणी वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। देवेंद्र नगर सेक्टर-5 स्थित रामेश्वर गार्डन में नागरिकों की मौजूदगी में पार्षद श्री होरा ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम स्थल पर वार्डवासी एवं सफाई कर्मचारियों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान सहायक अभियंता पीडी धृतलहरे, शत्रुहन देशलहरे सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### बूढ़ा गार्डन क्षेत्र में चौपाटी का ग्रीन आर्मी ने किया विरोध



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही ग्रीन आर्मी संस्था बूढ़ा गार्डन को बचाने के लिए सामने आई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि पर्यटन विभाग को चौपाटी के नाम पर तालाबों और धरोहर से खिलवाड़ नहीं करनी चाहिए। चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल सीधे दिखाई दे रहा है। यहां हजारों स्थानीय निवासियों से लेकर शहरवासी तक मॉर्निंग वॉक, योगा, एवं स्वास्थ्य लाभ लेने रोजाना आते हैं। पाथवे पर चलकर लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं, वहां चौपाटी का निर्माण इंसानों, पंछियों, जीव जंतुओं से लेकर पर्यावरण के लिए हानिकारक है। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा रविवार को 100 से अधिक सदस्यों एवं स्थानीय निवासियों के साथ चौपाटी निर्माण का विरोध दर्ज कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने उपस्थितजनों का आभार जताया।

### छठ पूजा धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



**रायपुर।** छुईयां छठ तालाब हीरापुर में उत्तर भारत समाज कल्याण समिति की आम बैठक हुई। इस दौरान 5 नवंबर को छठ पूजा पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विगत माह हुए समाज के चुनाव में निर्वाचित सचिव नंदन कुमार झा एवं कोषाध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह को शपथ दिलाई गई तथा नियुक्ति प्रमाणपत्र भी दिया गया। बैठक में संस्थापक सदस्य दिवाकर अवस्थी, दिलीप सिंह, सरोज सिंह, रमन पंडित, श्रीकांत तिवारी, दिवाकर सिंह, राणा प्रताप सिंह समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# मरीन ड्राइव में रीक्रिएशन जोन के साथ गार्डन एरिया में एम्युजमेंट पार्क, 25 से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

राजधानी के तेलीबांधा सरोवर परिसर में रीक्रिएशन जोन विकसित करने वाली एजेंसी अब बच्चों व बड़ों के लिए गार्डन एरिया में एम्युजमेंट पार्क की सौगात देने जा रही है। 25 अक्टूबर से इसकी शुरुआत होगी, जहां एक से बढ़कर एक मनोरंजक, आकर्षक झूले, फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रैगन राइड, ड्रॉप टॉवर, हॉर्स राइड्स, कप एंड सॉशर गेम, ट्रेम्पोलाइन सहित अन्य एडवेंचर गेम उपलब्ध होंगे। रविवार को एम्युजमेंट पार्क स्थल पर किड्स कार, ट्रेन ट्रेक्स को व्यवस्थित करने कर्मचारी जुटे रहे। दरअसल मेट्रो सिटी की तर्ज पर तेलीबांधा तालाब के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने निगम से अनुबंधित एजेंसी फ्लोटिंग डेक बना रही है। साथ ही गार्डन एरिया में एक एडवेंचर टॉवर बनाया जा रहा है। यह टॉवर 60 फीट ऊंचा रहेगा। इसे लैंडिंग टॉवर का नाम दिया गया है। जहां से आने वाले दिनों में लोग तालाब का सुंदर नजारा देख पाएंगे। गार्डन एरिया में 25 अक्टूबर से एंम्युजमेंट पार्क शुरू किया जा रहा है, जहां बच्चों व बड़ों के मनोरंजन के लिए विविध तरह के साधन होंगे। किड्स एम्युजमेंट में बच्चों के लिए किड्स कार, ट्रेन ट्रेक्स, ड्रैगन की सवारी, फ्लाइंट कॉप्टर समेत अन्य तरह के गेम्स रहेंगे।

## बच्चों के मनोरंजन, खेलकूद के लिए फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रैगन राइड, आकर्षक झूले








### आगामी दिनों में एडवेंचर गेम्स भी

ईसीएचटी मैनेजमेंट के माध्यम से मेगा एडवेंचर और टूरिज्म हब का स्वरूप देने यह कार्य कराया जा रहा है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां तेलीबांधा तालाब के आकर्षण को और बढ़ाने शुरू की जा रही हैं। इसी कड़ी में एम्युजमेंट पार्क एक नई सौगात होगा। आने वाले दिनों में एडवेंचर गेम भी शुरू किए जाएंगे, जिसमें वाटरबॉडी क्रॉस करने वाली अनोखी जिप लाइनिंग, जिप साइकिलिंग और जिप रोलर गतिविधियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

## संकरी सड़क पर ट्रैफिक जाम कम करने की प्लानिंग

# पौन किमी लंबी फोरलेन सड़क बनाने खर्च होंगे 26.52 करोड़, गुढ़ियारी से जुड़ेगा स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

### मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का प्रावधान, निर्माण के लिए वित्तीय मंजूरी



रेलवे स्टेशन आने-जाने वालों को जल्द ही गुढ़ियारी पड़ाव से रेलवे जंक्शन के बीच लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलने वाली है। इसके लिए सरकार ने 26.52 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के साथ ही पौन किलोमीटर सड़क निर्माण के दायरे में आने वाली जमीन के मालिकों के लिए मुआवजे का प्रावधान किया है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से जुड़े लोगों को फोरलेन सड़क की सौगात मिलने से रेलवे स्टेशन तक आवागमन सुगम होगा। राजधानी के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक राजेश मूणत की प्लानिंग पर सीएम विष्णु देव साय ने मंजूरी की मुहर लगाई है। साथ ही गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क की सौगात दी है। यह सड़क शुक्रवारी से होते हुए प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। अब करीब पौन किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए सरकार ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी से पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर करने की तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन तक 0.78 किमी लंबी फोरलेन बनने से आवागमन भी बेहतर होगा।

### त्योहार के बाद शुरू होगा सर्वे

शासन को फोरलेन सड़क बनाने के लिए भेजे गए प्रस्ताव के साथ ही मुआवजे के लिए भी स्वीकृति मिली है। फोरलेन सड़क बनाने से पहले त्योहार के बाद सर्वे की प्रक्रिया होगी। इसके बाद सभी प्रोसेस को क्रम से करते हुए लोगों को नई सुविधा से जोड़ने की तैयारी है।

**- राजेश मूणत,** विधायक, पश्चिम

### ...तब ड्राइंग-डिजाइन होगी फाइनल

*सड़क निर्माण से पहले प्रभावित होने वालों का सर्वे कराया जाएगा। इसके बाद मुआवजे समेत सारी प्रक्रिया के बाद नए साल यानी 2025 में टेंडर जारी कर एजेंसी से निर्माण शुरू कराने की तैयारी है। इसके पहले सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति भी ली जाएगी। इस सड़क पर पुल-पुलिया बनाने हों तो उसकी ड्राइंग-डिजाइन भी फाइनल कराने का प्रावधान किया गया है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने भू-अर्जन के लिए सर्वे का काम त्योहार के बाद शुरू होगा। प्रस्ताव के अनुसार भू-अर्जन की राशि के लिए भी स्वीकृत दी गई है।*

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

*गुढ़ियारी सहित समूचे पश्चिम क्षेत्र को ट्रैफिक फ्री बनाने और क्लीयर एंट्री के लिए इस सड़क का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सड़क केवल स्टेशन ही नहीं, बल्कि गुढ़ियारी को स्टेशन इलाके से भी जोड़ेगी। अभी कई जगह सड़क संकरी है, इसलिए ट्रैफिक जाम होने से दिक्कतें होती हैं। विशेषज्ञों व शुक्रवारी इलाके के लोगों से लंबे विचार-विमर्श से मिले सुझाव के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा गया। यह सड़क बनने से टाटीबंध, हीरापुर, कबीर नगर, गोगांव, सरोरा ही नहीं, बल्कि बिरगांव सहित 20 से ज्यादा क्षेत्रों की आबादी को राहत मिलेगी।*

# युवाओं ने कम्प्यूटर ड्रायविंग, रिटेल व अन्य कोर्स में किया आवेदन



आज लाटापारा व आईटीआई देवभोग में कौशल पखवाड़ा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनिकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले में 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत सोमवार 21 अक्टूबर को फिंगेश्वर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत कौन्दकेरा एवं आसपास के गांव के युवाओं ने सिलाई, कम्प्यूटर, ड्रायविंग, ऑफिस अस्सिटेंट, रिटेल सहित अन्य कोर्स में आवेदन किया। इस अवसर पर सरपंच गणेश डहरिया, अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति ओंकार साहू, मनोज विश्वकर्मा, मकसूदन साहू, बाबूलाल साहू, मोहन दीवान, तामेश्वर पाठक, रामबाई साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा के प्राचार्य एमआर रात्रे एवं, जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक सृष्टि मिश्रा उपस्थित रहे। इसी तरह मंगलवार 22 अक्टूबर को देवभोग विकासखंड अंतर्गत लाटापारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय आईटीआई देवभोग में कौशल पखवाड़ा का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा। जिसमें 14 से 45 वर्ष तक के आयु के युवा विभिन्न कोर्स सुरक्षा गार्ड, कम्प्यूटर, नर्सिंग, ड्रायवर, सिलाई, रिटेल, ऑफिस अस्सिटेंट एवं ब्युटी पार्लर में आवासीय एवं गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते है।

# राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी में छग के 5 जिले सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- वन नेशन वन राशनकार्ड योजना का मिल रहा लाभ

वन नेशन वन राशनकार्ड योजना राज्य के उन श्रमिकों, गरीबों के लिए मददगार साबित हो रही है, जो अपना परिवार पालने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर मजदूरी करते हैं। छत्तीसगढ़ में चालू अक्टूबर माह में 6 लाख 10 हजार से अधिक ऐसे लोग दूसरे स्थानों पर जाकर राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन ले चुके हैं। वन नेशन वन राशनकार्ड योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देशभर में राशन कार्डधारी अपनी खाद्य सुरक्षा के अधिकारों का लाभ किसी भी राज्य में उठा सकें। यह योजना विशेष रूप से उन प्रवासी मजदूरों के लिए फायदेमंद है, जो एक राज्य से दूसरे राज्य में काम के लिए जाते हैं और वहां अपने राशन का दावा करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में भी यह योजना सक्रिय रूप से लागू है और इसकी पोर्टेबिलिटी के तहत लोग अपने राशन को राज्य के भीतर किसी भी जिले या शहर में ले सकते हैं।

### इन जिलों में सबसे अधिक पोर्टेबिलिटी

छत्तीसगढ़ में कुल राशनकार्डों की संख्या 78 लाख 74 हजार 926 है। इन कार्डधारियों में से लाखों ऐसे लोग हैं, जो रोजगार के सिलसिले में अपने जिले या राज्य से बाहर जाकर मजदूरी कर रहे हैं। जिन जिलों के सबसे अधिक राशन कार्डधारियों ने पोर्टेबिलिटी का लाभ उठाया है, उनमें बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, कोरबा, मुंगेली, सरगुजा और रायपुर जिले के लोग शामिल हैं। इससे ये भी पता लगता है कि इन जिलों के लिए अन्य जिलों या राज्यों में लोग जाकर काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत राशन कार्डधारकों को व्यापक लाभ मिल रहा है। राज्य में पोर्टेबिलिटी के आंकड़े काफी सकारात्मक हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में लाखों लोगों ने इस योजना का लाभ उठाया है। राज्य में कुल पोर्टेबिलिटी लेनदेन की संख्या निरंतर बढ़ रही है, खासकर उन जिलों में, जहां प्रवासी मजदूरों की संख्या अधिक है।

# महिला ऑपरेटरों ने धरनास्थल पर रखा करवा चौथ का व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- 7 माह से वेतन नहीं मिला, आजीविका पर संकट

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर 2 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहीं प्रदेश की महिला डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने करवा चौथ व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर दीपावली के पूर्व 7 माह के लंबित वेतन का भुगतान करने और 27 फीसदी वेतनवृद्धि का लाभ देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि लामबंद डाटा एंट्री आपरेटर सोमवार को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। 22 तारीख को वित्त मंत्री निवास का घेराव करने की तैयारी की गई है।

# बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात, दिया निमंत्रण

राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलिंद महाजन के साथ मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बृहन्न महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली का राष्ट्रीय सम्मेलन 10 से 12 जनवरी को महाराष्ट्र मंडल रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। शनिवार की रात बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष मिलिंद महाजन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। सीएम श्री साय ने निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया। बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ प्रांत प्रभारी सुबोध टोले ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिज्ञासावश बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के बारे में प्रतिनिधिमंडल से और भी जानकारी जुटाई और कई सवाल पूछे। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और इंदौर की आठ बार की सांसद सुमित्राताई महाजन के सुपुत्र मिलिंद महाजन ने बताया कि भव्य पैमाने पर होने वाले अधिवेशन में परंपरानुसार महाराष्ट्र सरकार के बतौर प्रतिनिधि नवपदस्थ मंत्री के शामिल होने की भी संभावना है। इस मौके पर देशभर से आने वाले प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा से अवगत कराया जाएगा। रायपुर के समीपस्थ दर्शनीय स्थलों को दिखाने का भी विचार है। अधिवेशन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। सीएम से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेखर राव साहेब अमीन, महाराष्ट्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल एवं सचिव पं. चेतन दंडवते शामिल रहे।

## कृषक समृद्धि चौपाल की शुरुआत कुडेरादादर से हुआ

# फसल चक्र से बढ़ेगी उर्वरा शक्ति, घटेगा बीमारियों का संक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला




क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित करने एवं दलहन, तिलहन मक्का, नगदी तथा उधानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश में क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों में कृषक समृद्धि चौपाल 8 अक्टूबर से किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत कुडेरादादर में 21 अक्टूबर को किया गया। कृषक संबंधी चौपाल अभियान के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन धान उत्पादन करने वाले समस्त ग्राम कृषक समृद्धि चौपाल का आयोजन कर कृषकों को लगातार धान फसल लगाने के दुष्प्रभाव भूमि, जल, मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के बारे में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं बताया की फसल चक्र से उर्वरा शक्ति बढ़ेगी बीमारियों का संक्रमण घटेगा। साथ ही फसल चक्र अपनाने के लाभ जैसे धान, मटर, उड़द, मूंग, चना तथा नगदी फसल गन्ना, कपास उद्यानिकी फसले फल - फूल सब्जी को लगाने के बारे में प्रेरित किया गया। इसके अलावा जल उपयोगिता क्षमता में वृद्धि करने के लाभ एवं उपाय जैसे ड्रिप स्प्रीकलर के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान के अंतर्गत किसानों को धान को छोड़कर अन्य ग्रीष्मकालीन फ़सल लेने वाले किसानों को सहकारी समितियों एवं अन्य बैंकों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जाएगा। पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए कृषकों को प्रोत्साहित कर किसान क्रेडिट कार्ड एवं सहकारी समितियों एवं बैंकों के माध्यम से ऋण वितरित किया जाएगा। अन्य फसल लेने पर कृषक उत्पादक संगठन में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर उनके उत्पाद का ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन को प्रोत्साहित किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार इस अभियान के क्रियान्वयन विषय-वस्तु विशेषज्ञ कृषि विभाग, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्य एवं संवर्गीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी जाकर करेंगे। जो किसान धान के बदले अन्य फसल लेंगे ऐसे 5 - 5 किसानों को विकासखण्ड स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान नारायण सिंह ठाकुर, वीरेंद्र साहू, बीरेंद्र ध्रुव, फिरुराम जगत, घनश्याम साहू, कृष्णा साहू, ओमप्रकाश, संतराम, शिवदास मानिकपुर, विष्णु, कोमल, खेमसिंह, दिनेश साहू, पुरुषोत्तम, किशन, जब्बार सिंह सहित सभी कृषकगण उपस्थित थे।

# सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का निर्जला व्रत



**नवापारा-राजिम।** नवापारा और राजिम दोनों शहर सहित अंचल में रविवार को करवा चौथ के पर्व पर सुबह से सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर करवा चौथ का त्योहार परंपरागत तरीके से भक्तिभाव पूर्वक मनाया। सुहागिनों ने श्रृंगार कर आस पड़ोस की महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से करवाचौथ की कथा सुनीं और पति के दीर्घायु होने की कामना कर देर शाम छलनी में चंद्र दर्शन के बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर उपवास तोड़ा। इस दौरान अपने घर सहित मंदिरों में पूजा पाठ किया।

## खबर संक्षेप



### सुहागिनों ने व्रत रख पति की सुख समृद्धि की कामना की

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में रविवार को करवाचौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा और पति की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पतियों ने भी अपनी पत्नियों को आशीर्वाद दिया। भारतीय संस्कृति में पति को परमेश्वर मानने की परंपरा का निर्वाह करते हुए महिलाओं ने चन्द्रमा के निकलते हीं घरों की छतों पर छलनी के साथ चन्द्र दर्शन कर अपने सुहाग के लिए लंबी उम्र की कामना किया। पति का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। पर्व को लेकर घरों में काफी उत्साह बना रहा । दिन भर निर्जला रहने के बाद देर शाम पहले चांद का दीदार किया और फिर पति का चेहरा देखकर व्रत समाप्त किया। पतियों ने पत्नी को पानी पिलाकर व्रत समाप्त करवाया। करवा चौथ का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण व्रत मनाया जाता है। हर वर्ष कार्तिक मास के चतुथऍ तिथि के दिन सुहागिन महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखती हैं। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। पर्व को लेकर कई दिनों से तैयारी चल रही थी। करवा चौथ के व्रत के कारण बाजार में कपड़ा, चूड़िया, सुहाग की बिंदिया तथा व्रत के काम आने वाली सामग्री, श्रृंगार सामग्री, चलनी, करवा, दीपक, भगवान की तस्वीर, मिठाई, फल आदि खरीदने के लिए महिलाओं की भीड़ नजर आई। पति की लंबी आयु की कामना तथा घर–परिवार में सुख–समृद्धि की कामना को लेकर किए जाने वाले व्रत के लिए नवविवाहित जोड़ों में अच्छा–खासा उत्साह देखा गया। जिन विवाहिताओं का यह पहला करवा चौथ था उनमें ज्यादा हीं उत्साह नज़र आया।

### मेघनाथ बने अध्यक्ष



**नवापारा–राजिम।** कबीर आश्रम में पांच वर्ष के लिए पदाधिकारियो का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष मेघनाथ साहू, उपाध्यक्ष डॉ. सोनऊ राम साहू, ललित साहू, कोषाध्यक्ष ठाकुर राम साहू, उपकोषाध्यक्ष तुलाराम साहू, सचिव प्रहलाद गंधर्व, सहसचिव षटकोण साहू, संगठन मंत्री तुकादास साहेब, गोकुल साहू, सलाहकार रामकुमार साहेब, लखन साहू, प्रेमलाल साहू, आनंद साहू, महिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, रेखा साहू चुने गए।

# नदी पार कर पोड़पारा पहुंची पंचायत अध्यक्ष, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चलनापदर के आश्रित ग्राम पोड़पारा में नदी को पार कर गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर पहुंचें तो ग्रामीण महिलाओं ने फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ग्राम पोड़पारा में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया और गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए तत्काल पीएचई विभाग के अधिकारियों को फोन कर निर्देशित किया कि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए इस दौरान ग्राम पोड़पार में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सूना। ग्राम पंचायत चलनापदर से दो किमी दूर पोड़पारा जाने वाले मार्ग में ढकरेल नदी में पिछले दो दिनो पूर्व क्षेत्र में हुई बारिश से बाढ की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों से मुलाकात करने और गांव में विकास कार्य की भूमि पूजन करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति ठाकुर ने नदी को पार कर गांव पहुंची थी। इस दौरान गांव का पैदल भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात किया और उनके घरो तक पहुंच कर समस्याओं को सुना साथ ही गांव में शासन से मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी लिए। इस गांव की जनसंख्या 350 की आसपास है और ढकरेल नदी में ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से पुल निर्माण की मांग किया जा रहा है जो अब तक पूरा नहीं हुआ है। जिसके कारण बारिश के दिनों में ग्रामीणों को आने- जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## रंगमंच निर्माण के लिए भूमिपूजन कर कई समस्याओं का मौके पर किया समाधान



### त्वारित समाधान के लिए अफसरो से की चर्चा

ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग किया है ग्रामीणों के मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कई मूलभुत समस्याओं के त्वारित समाधान के लिए जिले के अफसरो से फोन में चर्चा किया साथ ही गांव के लोगों को अश्वासन दिया है कि जो भी समस्या गांव में है उस समस्या का समाधान किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से ललित राम मांझी शोभन पोर्ते, ओमप्रकाश, भैयाराम, प्रभुराम, पुरन्धर , जलंधर ध्रुव, भोज सिंह, ताल सिंह यादव, रिखीराम मांझी मनसाय यादव, रैयधर यादव, लालधर पोर्ते, टेकलाल, जुजीष्टी मांझी, तुलसीराम मांझी, दुर्जन मांझी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## निर्देश : घुमंतू पशुओं के कारण हो रहे दुर्घटनों को रोकने ली गई बैठक

# मवेशियों को सड़क से हटाकर गौठान व कांजीहाऊस में रखे : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर सोमवार को जनपद पंचायत गरियाबंद के सभाकक्ष में पशुधन विकास विभाग द्वारा सड़क पर घुमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बैठक ली गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सड़कों पर घुमंतू पशुओं के आ जाने के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इस संबंध में पशु चिकित्सा एवं सेवाएं के उप संचालक श्री ओपी तिवारी ने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, कोटवार एवं पंचायत व पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर कहा कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्गो पर जहां मवेशी बैठते है और जिसके कारण दुर्घटना होनी की संभावना बनी रहती है। जिसमें पशुओं के साथ जनहानि भी हो सकती है। ऐसे राष्ट्रीय राजमार्ग में आने वाले गांवों सहित पूरे जिले में पशुओं के लिए सुरक्षित समुचित व्यवस्था करना होगा, जिससे मवेशी सड़क पर ना आए। इस कार्य को सभी को सामुहिक प्रयास एवं जिम्मेदारीपूर्वक करना होगा। मवेशियों को सड़क से हटाकर कांजीहाऊस, गौशाला, गौठान में रखने कहा।

■ पालतु पशुओं के कानों पर पीले रंग से करें टैगिंग




### पशु पालक मावेशियों को खुले में न छोड़े

पशुओं का चिन्हांकित होने पर पशु मालिकों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने कहा और उन्हें खुले में पशुओं से होनी वाली जनहानि एवं पशु हानि के संबंध में समझाईश देने कहा। जिससे वे खुले में पशुओं को नहीं छोड़े। पशु पालकों को पशुओं के लिए चरवाहे की व्यवस्था करने को कहा। पालतु एवं घुमंतू पशुओं का चिन्हांकन कर पालतु पशुओं का टैगिंग का कार्य पशु पालकों के घर में जाकर शत प्रतिशत करें। इस कार्य के लिए उन गांवों पर अधिक फोकस करें, जहां के अधिकांश पशु सड़क पर बैठ जाते है।

### कांजी हाउस में रखे मवेशियों की करें नियमित जांच

पालतु पशुओं के कानों पर पीले रंग से टैगिंग करें, इसके लिए विभागीय अमले सहित संबंधित पशु पालक, पंचायतकर्मी एवं कोटवार से सहयोग ले। उन्होंने पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में पशुमालिकों को जागरूक करने कहा। उन्होंने सरपंच एवं सचिवों को मवेशियों के लिए अपने-अपने स्तर पर गांव में उचित व्यवस्था करने कहा, जिससे पशु सड़क पर नहीं बैठे। डॉ तिवारी ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को कहा कि जिले के सभी कांजी हाउस में रखे मवेशियों की नियमित जांच करें। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार भी साझा किए। इस अवसर पर जनपद पंचायत गरियाबंद के सीईओ श्री अमजद जाफरी, एलडीएम श्री मो. मोफिज उपस्थित थे।

# पर्यावरण को बचाने की हम सब की जिम्मेदारी : साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

अंचल के ग्राम पंचायत लोहरसी में हायर सेकण्ड्री स्कूल, हाई स्कूल के छात्र -छात्राओं के साथ शीतला तालाब परिसर में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू के मार्गदर्शन में पौधरोपण किया गया। इस दौरान आंवला, अशोक, बेल, जाम,जामुन, नीबू, बादाम सहित अनेक प्रकार के फलदार तथा छायादार पौधों का रोपणकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान प्रकृति प्रेमी व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने किये जा रहे पौधारोपण को अनुकरणीय बताया और कहा जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है, पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राष्ट्रव्यापी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत धरती को हरा भरा करने का संकल्प देशवासियों को दिलाया है। जनपद सदस्य दीपक साहू ने इस वृक्षारोपण के कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पौधारोपण का कार्यक्रम जब तक जन आंदोलन का रूप नहीं लेगा, तब तक हमारे पर्यावरण पर संकट के बादल मडराते रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत लोहरसी की सरपंच कामिनी शिवकुमार ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य पोखन साहू, ग्राम पटेल धनी राम साहू, ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिन्हा, आरएचओ देवेन्द्र सिंह ठाकुर, शिक्षक रवि कुमार अग्रवाल, तुलसी यादव, जयंत सिंह ठाकुर, मुकेश ध्रुव, सोहन लाल साहू, युगल किशोर साहू, दिलीप शर्मा, देवलाल साहू, देवेन्द्र साहू, चम्पेश्वर पटेल, खिलेश्वर साहू, चुम्मन यादव, यमुना निषाद, विक्रम साहू, रामा साहू, रूपेश साहू, यांशु साहू, टुकेश्वर साहू, मिलाप राम साहू, नंदू यादव, उच्च माध्यमिक विद्यालय हाईस्कूल लोहरसी के समस्त शिक्षक, छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रदेश प्रभारी संपत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और सह प्रभारी एस.ए. सम्पत कुमार का गरियाबंद प्रवास के दौरान नगर पंचायत कोपरा बस स्टैंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कुमार अपने एक दिवसीय दौरे पर रायपुर से गरियाबंद जा रहे थे, और कोपरा में सैकड़ों कार्यकर्ता उनका उत्साहपूर्वक इंतजार कर रहे थे।

जैसे ही उनका काफिला कोपरा पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी और फूलों की वर्षा के साथ उनका स्वागत किया। नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी अगवानी में विशेष तैयारियां की थीं, और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल था। उपस्थित लोगों ने संपत कुमार के नेतृत्व में पार्टी की योजनाओं और नीतियों को लेकर विश्वास जताया। सम्पत कुमार ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों और कांग्रेस की आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की, जिससे क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिले। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके इस दौरे को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे पार्टी को नई दिशा मिलेगी और संगठन को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से जोन अध्यक्ष बेदराम साहू, सेक्टर अध्यक्ष अवध सिन्हा, जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष योगेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर राम साहू, योगेश्वरी साहू, केवरा बाई, डॉक्टर रमेश साहू, केजू राम साहू, रिकेश साहू, राजेश यादव, सोमेश पटेल, अजय कुमार साहू, अनिरुद्ध साहू, इशू तारक, शंकर पुरैना, इशू साहू, वीरेंद्र पन्नालाल साहू, नेमीचंद साहू, शिवम सिन्हा, बलराम पाल, नरेश नवरंगे, डोमेश्वर यादव, भीम यादव एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदेश प्रभारी संपत का हुआ स्वागत



**राजिम।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी ए एस संपत कुमार का पंडित श्यामाचरण शुक्ला चौक में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी संपत कुमार ने पंडित जी के प्रतिमा में माल्यार्पण किया एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने एवं आने वाले नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव में एक साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के पूर्व महामंत्री डीके ठाकुर, नीरज ठाकुर, दिलीप साहू, रामनारायण साहू, सुनील तिवारी, विकास तिवारी, आनंद मतावले, सुध्घरमल आडे, दुर्गा प्रसाद सिंहा, कुलेश्वर साहू, रामगुलाल साहू, गोदू राव दानके,जगत निर्मलकर, ओमप्रकाश बंछोर, अनिल चंद्राकर, रमेश वर्मा, पवन सोनकर, मुकेश भारती, राजू धीवर आदि उपस्थित थे।

# सालासर समिति ने दिव्यांग बच्चों को बांटे नए कपड़े

**नवापारा-राजिम।** श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा 27 दिव्यांग बच्चों को नए कपड़े, मिठाई, चिप्स व चॉकलेट वितरित किया गया। ये सभी बच्चे आनंद आश्रम नवागांव-बुड़ेनीके है। इस अवसर पर सालासर सुन्दरकाण्ड समिति के राजू काबरा, धरम साहू, सुमित पंजवानी, नंदकिशोर राठी,रूपेंद्र चन्द्राकर, ओमप्रकाश शर्मा, गुलाब साहू, गोविंद राजपाल, नारायण तलरेजा, दीपेश प्रवेश राजपाल, तारणी शर्मा, आरती काबरा, पिंकी साहू, ईशा देवांगन, नेहा तारक, सुनीता, सारिका साहू, कल्पना गोस्वामी आदि मौजूद थी।



### 21 साल में 7 हजार से बढ़कर 20 हजार हो गए राशन कार्डधारी

**रायपुर।** बुनियादी सुविधाओं से जूझते बिरगांव निगम में मौजूदा संसाधनों का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि यहां अभी भी 21 साल पुरानी राशन वितरण व्यवस्था चल रही है। 2003 में जब बिरगांव नगरपालिका थी, तब करीब 7 हजार राशन कार्डधारक थे। तब उनके लिए 35 वार्डों में से सिर्फ 10 राशन दुकानों का संचालन शुरू हुआ। अभी आबादी के लिहाज से शासन ने करीब 10 साल पहले नगर निगम का दर्जा दे दिया। वर्तमान में 40 वार्डों में 20 हजार से ज्यादा हितग्राही हैं।












## खबर संक्षेप



### टेंगनाबासा में धूमधाम से मनाया गया करवा चौथ

**छुरा।** ग्राम टेंगनाबासा में सुहागिनों का महापर्व करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पति की लम्बी आयु के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखते हुए शाम को पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार चंद्रमा के दर्शन और पूजन करते हुए व्रत का पारण किया। पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए सुहागिन महिलाएं इस साल कार्तिक कृष्ण चतुर्थी करवा चौथ का व्रत रविवार को सुबह 6:46 बजे से शुरू और 21 अक्टूबर को सुबह 4:16 बजे समाप्त हुआ। इस मौके पर अनीता ठाकुर, नीलकंण्ठ सिंह ठाकुर, निशा,पंकज ध्रुव मौजूद रहे।

### जिले के 46 स्काउट राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में हुए उत्तीर्ण

**फिंगेश्वर।** राज्य मुख्यालय द्वारा इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर स्काउट विभाग का दिनांक 9 से 13 सितम्बर तक एवं रोवर विभाग का 24 से 28 सितम्बर 2024 में स्थान राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर जिला रायपुर में आयोजित किया गया था। उक्त जांच शिविर का उत्तीर्ण सूची राज्य मुख्यालय द्वारा जारी किया गया है।राज्यमुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के विशेष मार्गदर्शन में एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं जिला सचिव, रोमन साहू के मार्गदर्शन में एवं डीओसी स्काउट आशीष कुमार, डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में जिला गरियाबंद से स्काउट विभाग में 28 स्काउट एवं रोवर विभाग में 18 रोवर राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण हुवे। वे सभी स्काउट गाइड शासकीय हाइस्कूल कौन्दकेरा, फुलकर्रा, इंदगांव, रावड़, परसदाकला, खुटेरी, मुरमुरा, अकलवारा, ठाकुर दल गंजन फिंगेश्वर, सरस्वती शिशु मंदिर राजिम के हैं। राज्यपाल पुरस्कार में जिला गरियाबंद से कुल 46 उत्तीर्ण स्काउट एवं रोवर को जिला संघ अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, जिला संघ के सभी पदाधिकारी एवं स्काउटर गाइडर ने


## नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दम दिखाने कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज

# पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : संपत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

गरियाबंद में सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और सह प्रभारी एसए सम्पत कुमार का भव्य स्वागत हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और फूलों की वर्षा से उनका जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस को एकजुट होकर मेहनत करने का आह्वान किया। सम्पत कुमार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि इन चुनावों में सफलता छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भविष्य की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में संपत कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि स्थानीय चुनाव में पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता होती हैं और कार्यकर्ताओ को मजबूत करने स्थानीय चुनावों में दिल बड़ा करने होंगे। सभा में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक जनक ध्रुव समेत पार्टी के कई प्रमुख नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंग साहू, प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, युगल पाण्डेय, बालमुकुंद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज खान, रूपेश साहू, रामकृष्ण ध्रुव, प्रेम सोनवानी, सन्नी मेमन, संदीप सरकार, मुकेश रामटेके, छगन यादव, राजेश साहू, मुकेश पाण्डेय, जुनेद खान, गेंदलाल सिन्हा, शीला ठाकुर, चिराग अली, नीरज ठाकुर, राजेश साहू, शीला ठाकुर,चंदा बारले, सक्लीन कादर प्रभारी, शरीक रहीस खान, रामकुमार गोस्वामी, डीके ठाकुर, योगेश साहू के साथ जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या अन्य लोग भी मौजूद रहे।





### कांग्रेस की एकजुटता का संदेश

एसए सम्पत कुमार ने अपने संबोधन में पार्टी की एकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ता तन, मन, और धन से जुटकर काम करेंगे, तो न केवल निकाय और पंचायत चुनावों में, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी। उन्होंने पार्टी में मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारियों का आश्वासन दिया और कहा कि संगठन में अब कोई छोटा-बड़ा नहीं रहेगा, बल्कि जो काम करेगा, वही ऊंचाई तक पहुंचेगा।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी पर भी फोकस

जनक ध्रुव ने भी अपने संबोधन में कहा कि नगरीय और पंचायत चुनावों में सफलता कांग्रेस के लिए विधानसभा चुनाव की राह आसान करेगी। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की अपील की। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और सह प्रभारी एसए सम्पत कुमार का स्वागत न केवल जोश से भरा था, बल्कि उनकी उदारता की मिसाल भी देखने को मिली। जिला कांग्रेस भवन की जर्जर स्थिति को देखकर उन्होंने बिना देर किए अपनी जेब से 10,000 रुपये नकद दिए, ताकि भवन की मरम्मत शुरू हो सके। इस दौरान, बिंद्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने भी आगे बढ़ते हुए भवन के बकाया बिजली बिल का भुगतान करने का वादा किया। यह क्षण कार्यकर्ताओं के लिए न केवल प्रेरणादायक था, बल्कि पार्टी के भीतर मजबूत एकजुटता का संकेत भी था।

## राम लला दर्शन के लिए 19 यात्रियों का जत्था रवाना



**छुरा।** जनपद पंचायत के अंतर्गत अब तक कुल 80 लोगों को भगवान श्री राम लला के दर्शन के लिए को भेजा जा चूका है। उसी कड़ी में सोमवार को 19 वृद्धजनों को वाराणसी, अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। उक्त अवसर पर जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर, दीपक चंद्राकर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वहीं उन्होंने सभी दर्शनर्थियों को गुलाल एवं पहचान पत्र पहनाया गया तत्पश्चात रवाना किया गया। उक्त अवसर पर नगर के वरिष्ठ सेवा निवृत्त शिक्षक कंगालु सिन्हा, पंचायत इस्पेक्टर कया राम यादव, सचिव काशी राम, नगर पंचायत कर्मचारी, जनपद पंचायत कर्मचारी विकास सोनी, विकास यदु, सीता राम ध्रुव, सहित अन्यशिक्षक अर्जुन धनजय, मिथलेश सिन्हा, समाज सेवी शीतल ध्रुव, उमेश सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### ग्राम मड़ेली में धनुष यज्ञ लीला का किया मंचन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में दशहरा के पावन पर्व पर रात्रि में धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। राम लक्ष्मण की भूमिका में नागेश ठाकुर, प्रवीण कुमार ध्रुव थे। वाद्ययंत्र कलाकार भूषण ठाकुर, सुफरीत मानिकपुरी,डिगाम्बर मरकाम, मिथलेश विश्वकर्मा, युवराज मरकाम, लोकेश्वर ठाकुर, हास्य कलाकार नीलाम्बर ध्रुव, बेदराम ठाकुर थे। कार्यक्रम का संयोजन भीखम ठाकुर, निर्मल मरकाम ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण ध्रुव ने किया।

# शहीद राजेश ध्रुव को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा



आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस जवानों को सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय ने अपने वीर सपूत राजेश कुमार ध्रुव की शहादत को नमन किया। वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने अपने प्रिय छात्र राजेश कुमार ध्रुव के बारे में बच्चों को बताया कि ग्राम रवेली निवासी नोहरू राम ध्रुव के सुपुत्र राजेश कुमार ध्रुव का जन्म 27 अगस्त 1994 को हुआ। प्राथमिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक शाला में ग्रहण किया। हमारे विद्यालय में पूर्व माध्यमिक स्तर की पढ़ाई किया। शहीद ध्रुव, बेहद शालीन, अनुशासनप्रिय, मेहनती, दृढ़ निष्ठावान, मेधावी छात्र था। सदैव देश धर्म की बातें करता था। विज्ञान विषय में विशेष रूचि थी। शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत कोबरा 209 बटालियन सीआरपीएफ में आरक्षक के पद पर चयनित होकर झारखंड राज्य में पदस्थ रहे। दिनांक 28 सितम्बर 2023 को कर्तव्य के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। मातृभूमि की सेवा करते हुए शहीद हुए राजेश को विद्यालय परिवार द्वारा नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर शहीद के जयघोष से पूरा विद्यालय गूंज उठा। अपने लाडले वीर सपूत की शहादत को नमन करने प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, तरुण कुमार साहू, शिक्षिका शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, छात्र अध्यापिका सुनंदा भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# सतनामी समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह नंवबर में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर



सतनामी समाज उपतहसील परिक्षेत्र खोरपा का आवश्यक बैठक सम्पन्न हुआ। उक्त बैठक मे संगठन के आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार की गई जिसमे सर्वसहमति से परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 10 नवम्बर को ग्राम खोरपा(भटगांव) मे सुनिश्चित किया गया है। वही अध्यक्ष लक्ष्वीर बांधे व उपाध्यक्ष मनमोहन कुर्रे, संरक्षक प्रेम लाल गहिरवारने संगठन के मुख्य विषयो पर चर्चा करते समाज के सभी युवा साथी व समाजिकजनो से अधिक से अधिक सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूती देनी की बात कही साथ ही समाज के सामाजिक व्यवस्था को बेहतर बनाने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर प्रभूराम कोसरिया,कमलेश बांधे,मिथलेश बघेल,अरूण हरवंश,मोहन बंजारे,चंद्रकांत चेलक मुकेश गायकवाड़,अजय गायकवाड़, कमलेश टंडन,जितेन्द्र कुर्रे, महेश कुमारकुर्रे,श्री रेवा राम चंदाने,श्री शानु कुर्रे,विजय बंजारे,डेरहाबघेल, केजूराम, तरूण चेलक,कुणाल टंडन, संजय डहरिया, बलराम चेलक, जितेन्द्र चेलक, कलीराम बंजारे, संजय कुर्रे, मोहन कुर्रे,नरेन्द्र कुमार कुर्रे,राजेश चेलक,श्री कांत चेलक,बादल डहरिया, समीर चतुर्वेदी,दीपांशु चेलक,सूर्य कांत चेलक,नरोत्तम बारले,राकेश चेलक सहित परिक्षेत्र के 15 गांवो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद सुखसिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



राष्ट्रीय पुलिस शहीद दिवस 21 अक्टूबर को प्रति वर्ष शहीद पुलिस कर्मियों की याद मे मनाया जाता है जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए देश के लिए बलिदान हुए जवानो को श्रद्धांजलि दी जाती है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 14 किलो मीटर दूर ग्राम मोहदा में शहीद चौक स्थित शहीद सुखसिंह फरस के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीण जन उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पण एवं राष्टगान से सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस कैंप धवलपुर से जलेश रात्रे आरक्षक, यशवंत यादवयुवा कांग्रेस महासचिव बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा, ग्राम पंचायत मोहदा सरपंच महेंद्र सिंह नागेश फागुराम फरस, मांगीबाई फरस, सेवन्तीन फरस, तुकाराम फरस, सुशीला बाई फरस, लक्ष्यराज फरस, पंच नुतन मरकाम, पंचराम दीवान, हुमन सिंह नागेश सामाजिक कार्यकर्ता, भुवन दीवान, प्राथमिक शाला खुर्सीडीह से पुनारद राम निषाद, केशव सोनवानी, शिवचरण दीवान, ओंकार यादव, हरिशंकर यादव, डोमार यादव, भुनेश्वर प्रसाद मिश्रा, मनोहर दीवान, लाभाराम दीवान, प्राथमिक शाला खुर्सीडीह के सभी बच्चे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दिया गया।

# शहीद अजय को अर्पित की गई पुष्पांजलि







हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में पुलिस शहीद स्मृति दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना राजिम के सहायक उप निरीक्षक श्री सिन्हा थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत धमनी के उपसरपंच राधेश्याम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में हवलदार तुलसी निषाद, आरक्षक श्री धुव, आरक्षक दीवान तथा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामानंद ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा धमनी ग्राम के शहीद अजय शर्मा के स्मृति स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने पुलिस के जवानों का आत्मीय अभिनंदन कर सम्मानित किया। शहीद अजय शर्मा की शहादत को याद करते हुए विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र पंत ने बताया की अजय शर्मा बचपन से ही एक होनहार विद्यार्थी थे तथा देश सेवा की भावना उनमें कुट कुट कर भरी हुई थी जिसके कारण ही उन्होंने ने देश और समाज की सुरक्षा का संकल्प लेकर छतीसगढ़ जिला पुलिस में सेवा आरंभ किया। उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक नक्सलवादी मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक उप निरीक्षक सिन्हा जी ने कहा धमनी की यह मिट्टी बहुत पावन है जहां पर ऐसे वीर शहीद जन्म लिए और उनके बलिदान को युगों युगों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने ने बच्चों को शहीद अजय शर्मा से प्रेरणा लेकर एक आदर्श और देश तथा समाज सेवा में समर्पित नागरिक बनने का आह्वान किया।सभी अतिथियों ने बच्चों को पुलिस शहीद स्मृति दिवस के बारे में संबोधित किया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, संकुल समन्वयक सुखेन साहू, प्रधानपाठक प्रिति नायक,शिक्षक महेन्द्र पंत, मनीषा दीवान शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गुणित साहू तथा विद्यालय के छात्रों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बच्चों को न्योता भोज में परोसी गई खीर, पूड़ी बड़ा और जलेबी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

न्योता भोजन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला चरभट्ठी में सोमवार को आयोजित शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। सौजन्य कर्ता द्वारा स्कूल भोजन में खीर, पूड़ी, बड़ा, जलेबी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्कूल समन्वयक बेलर जी आर पटेल, शाला अध्यक्ष गंगा साहू, लोकेश्वरी साहू, भारत साहू, यादराम साहू, राजेश साहू, त्रिवेणीशंकर, नंदनी, बहुला, मीना, लीला, गौरी ध्रुव, संतोषी, तामेश्वरी साहू, गोमती, ललिता, ऊषा, कौशल्या, शिक्षक गणेश ध्रुव, टुकेश्वर ध्रुव, अंजू गोयल, हेमंत कुमार, यदु, ग्रामीण अध्यक्ष थानेश्वर साहू उपसरपंच गोवर्धन साहू सहित पालकगण उपस्थित थे।

## सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करवा चौथ का रखा व्रत

# पति की दीर्घायु की कामना की, चांद को अर्घ्य, लिया आर्शीवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद/कोपरा

समीपस्थ ग्राम देवरी में रविवार को करवा चौथ का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुहागन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निर्जला व्रत रखा और सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की। दिनभर उपवास के बाद शाम को चांद के दीदार के साथ व्रत खोला गया। करवा चौथ के दिन सुबह से ही महिलाओं ने सरगी खोदकर व्रत की शुरुआत की। सोलह श्रृंगार में सजी-धजी सुहागिनें दिनभर बिना पानी पीए व्रत रखती हैं और शाम को परंपरागत तरीके से भगवान शिव, पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और चंद्रमा का पूजन करती हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं, जहां करवा कथा सुनी और पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की।



**चांद का दीदार कर तोड़ा व्रत-** शाम को चंद्रमा के उदय का इंतजार करते हुए महिलाओं ने अपनी पूजा की तैयारियां कीं।



जैसे ही चांद निकला, सुहागिनों ने परंपरानुसार चलनी से चांद का दर्शन किया और चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने अपने परिवार के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और सुख-समृद्धि की कामना की।

**सोलह श्रृगार और परपराओं का निर्वाह-** महिलाओं ने करवा चौथ पर अपने पति के दीर्घायु जीवन के लिए व्रत रखते हुए सोलह श्रृंगार का महत्व बताया। इस व्रत को पति-पत्नी के रिश्ते की मजबूती का प्रतीक माना जाता है। पूरे दिन पूजा-पाठ के साथ कथा सुनकर इस व्रत को संपन्न किया गया।





